http://www.mpboardonline.com

कुल प्रश्नों की संख्या–28 कुल पृष्ठों संख्या–4

# द्वितीय प्री बोर्ड परीक्षा 2019–20

## कक्षा 10 वीं

## विषय – हिन्दी विशिष्ट

समय – 3 घण्टे पूर्णांक – 100

निर्देश :–

(i) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक–एक अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दो–दो अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द।

(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 से 75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए चार–चार अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 75 से 120 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए पाँच–पाँच अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 120 से 150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3=10) दस अंक निर्धारित है। "अ" के लिए 7 अंक तथा "ब" के लिए 3 अंक। शब्द सीमा 200 से 250 शब्द है।

प्रश्न.1 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1x5=5)

(i) सच्चा धर्म पाठ की विधा है–

(अ) एकांकी (ब) कहानी
(स) निबंध (द) नाटक

(ii) जीवन संदेश कविता के कवि है–

(अ) गिरिधर (ब) कबीर
(स) नरेश मेहता (द) रामनरेश त्रिपाठी

(iii) दोनो पद प्रधान होते है–

(अ) तत्पुरूष समास में (ब) द्वन्द समास में
(स) द्विगु समास में (द) कर्मधारय समास में

(iv) अमरकंटक की केन्द्रीय सत्ता है–

(अ) यमुना (ब) गंगा
(स) नर्मदा (द) कावेरी

(v) रोला छंद में मात्राएँ होती है–

(अ) 21 (ब) 16
(स) 28 (द) 24

प्रश्न.2 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए – (1x5=5)

(i) फ्रायड के मनोविश्लेषण से प्रभावित कवि .................. है। (सुमित्रानंदनपंत/अज्ञेय)

(ii) संधि के ...................... प्रकार है। (तीन/पाँच)

(iii) रिपोर्ताज मूल रूप से ...................... भाषा का शब्द है। (फ्रेंच/अंग्रेजी)

(iv) बेटियों को कवि ने ........................... कहा है। (वीरगाथा/गौरवगाथा)

(v) 'चरण सरोज पखारन लागा में' ....................... अलंकार है। (उपमा/रूपक)



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्रश्न.3 निम्नलिखित कथनों के लिए सत्य/असत्य लिखिए– (1x5=5)

i) गीता शास्त्र के महान उपदेशक 'द्वैपायन कृष्ण' है।

ii) धैर्य मनुष्य का साथ नहीं देता है।

iii) बादल को घिरते देखा कविता के कवि नागार्जुन है।

iv) वीर रस का स्थायी भाव रति है।

v) फूलों की एक माला लाओ शुद्ध वाक्य है।

प्रश्न.4 निम्नलिखित वाक्यांशो का मिलान कर सही जोड़ी बनाइये:– (1x5=5)

| | खण्ड (अ) | खण्ड (ब) |
|---|---|---|
| (i) | मन के भाव | (अ) श्रीलाल शुक्ल |
| (ii) | पहली चूक | (ब) धर्मवीर भारती |
| (iii) | अतिशयोक्ति है | (स) जयशंकर प्रसाद |
| (iv) | छायावाद युग के प्रवर्तक है | (द) मनोभाव |
| (v) | थके हुए कलाकार से | (इ) अलंकार |
| | | (र) रस |

प्रश्न.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए– (1x5=5)

i) परंपरा क्या है ?

ii) गोपाल के कुण्डल की आकृति कैसी है ?

iii) तुलसीदास के प्रमुख महाकाव्य का नाम क्या है ?

iv) सुश्रुत संहिता के रचनाकार कौन है ?

v) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते है ?

प्रश्न.6 स्तुति खंड में जायसी ने कितने द्वीपों और भुवनों की चर्चा की है ? 2

अथवा

बच्चे की आँखों की तुलना किससे की गई है।

प्रश्न.7 मनु को हर्ष मिश्रित झटका सा क्यों लगा ? 2

अथवा

व्यक्ति सम्मान के योग्य कब बन जाता है ?

प्रश्न.8 बसंत के आने पर कौन तान भरने लगता है ? 2

अथवा

कबीर ईश्वर से क्या माँगते है ?

प्रश्न.9 चलने के पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए ? 2

अथवा

मानव जिस ओर गया, उधर क्या–क्या हुआ ?

प्रश्न.10 कवि अज्ञेय के अनुसार काँटे की मर्यादा क्या है ? 2

अथवा

आक्रोश में आकर मजदूरों ने क्या किया ?

प्रश्न.11 जापानी युवक ने स्वामी रामतीर्थ को दिए गए फल के मूल्य के रूप में क्या माँगा ? 2

अथवा

गुलाब किसका प्रतीक बन गया है ?

प्रश्न.12 लेखक ने संगीत का जन्म किससे माना है ? 2

अथवा



http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

वीर सिंह के चरित्र की दो विशेषताँए लिखिए ?

प्रश्न.13 मोहन शिबू के विषय में क्यों चिंतित था ? 2

अथवा

इंद्रियों का कार्य क्या होना चाहिए ?

प्रश्न.14 लेखक ने निंदको को पास रखने की सलाह क्यों दी है ? 2

अथवा

घनश्याम ने अपनी माता और बहिन की खोज कहाँ–कहाँ की ?

प्रश्न.15 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए– 2

i) ऊँट के मुह में जीरा http://www.mpboardonline.com

ii) अंधे की लाठी

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशो के लिए एक–एक शब्द लिखिए– 2

i) ठेका लेने वाला

ii) अनुसरण करने वाला

प्रश्न.16 अन्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

अथवा

हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न.17 ज्ञान और दीपक के आपसी संबंध को स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

माई की बगिया का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

प्रश्न.18 संधि और समास में कोई तीन अंतर लिखिए ? 3

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए–

i) गौरव पुस्तक पढ़ता है। (आज्ञावाचक)

ii) अशोक राजनगर में रहता है। (निषेधवाचक)

iii) बादल समय पर पानी नहीं देते। (विधानवाचक)

प्रश्न.19 खण्ड काव्य और महा काव्य में कोई तीन अंतर लिखिए ? 3

अथवा

गीतिका छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ?

प्रश्न.20 छायावाद की कोई चार विशेषताएँ लिखिए ? 4

अथवा

रीतिकाल की दो विशेषताएँ लिखकर दो रीतिकालीन कवियों के नाम लिखिए।

प्रश्न.21 नाटक और एकांकी में कोई चार अंतर लिखिए। 4

अथवा

द्विवेदी युग के निबंधों की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न.22 सूरदास अथवा सुभद्रा कुमारी चौहान की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिंदुओ के आधार पर लिखिए– (i) दो रचनाएँ (ii) भावपक्ष (iii) कला पक्ष (iv) साहित्य में स्थान 4

प्रश्न.23 प्रेमचंद अथवा रामनारायण उपाध्याय का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए – 4

(i) दो रचनाऍं (ii) भाषा–शैली



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

(iii) साहित्य में स्थान

प्रश्न.24 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या किजिए:— 4

कबहुँ ससि माँगत आरि करै कबहुँ प्रतिबिंब निहारि डरें।
कबहुँ करताल बजाइकै नाचत मातु सबै मन मोद भरें।।
कबहुँ रिसिआइ कहैं हठिकै पुनि लेत सोई जेहि लागि अरें।
अवधेश के बालक चारि सदा तुलसी—मन—मंदिर— में बिहरें।

अथवा

बैर फूट ही सों भयो सब भारत को नास।
तबहुँ न छाड़त याहि सब बँधे मोह के फँास।।

प्रश्न.25 निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए— 4

हमारे देश को दो बातों की सबसे पहले और सबसे ज्यादा जरूरत है। एक शक्ति बोध और दूसरा सौन्दर्य बोध। बस, हम यह समझ लें कि हमारा कोई भी काम ऐसा न हो जो देश में कमजोरी की भावना को बल दे या कुरूचि की भावना को ही।

अथवा

मानव—शरीर में पेट का स्थान नीचे है, हृदय का ऊपर और मस्तिष्क का सबसे ऊपर। पशुओं की तरह उसका पेट और मानस समानान्तर रेखा में नहीं है। जिस दिन वह सीधे तनकर खड़ा हुआ, मानस ने उसके पेट पर विजय की घोषणा की।

प्रश्न.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 5

विद्यार्थी जीवन वह समय है जिसमें बच्चों के चरित्र व्यवहार तथा आचरण को जैसा चाहे वैसा रूप दिया जा सकता है। यह अवस्था भावी वृक्ष की उस कोमल शाखा की भाँति है जिसे जिधर चाहे मोड़ा जा सकता है। पूर्णतः विकसित वृक्ष की शाखाओं को मोड़ना सम्भव नहीं है। उन्हें मोड़ने का प्रयास करने में वे टूट सकती है परन्तु मुड़ नहीं सकती। छात्रावस्था उस श्वेत चादर की तरह है जिसमें जैसा प्रभाव डालना हो, डाला जा सकता है। सफेद चादर पर एक बार जो रंग चढ़ गया। फिर से वह पूर्वावस्था को प्राप्त नहीं हो सकती। इसीलिए प्राचीनकाल से ही विद्यार्थी जीवन के महत्व को स्वीकार किया गया है। इसी अवस्था में सुसंस्कार और सद्वृत्तियाँ पोषित की जा सकती है।

प्रश्न:—

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
(ii) व्यवहार को सुधारने का सर्वोत्तम समय कौन सा है ?
(iii) छात्रावस्था की तुलना किससे की है ?
(iv) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न.27 बुक—बैंक से पुस्तकें प्राप्त करने हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए। 5

अथवा

वार्षिक परीक्षा की तैयारी के सम्बंध में पिताजी को पत्र लिखिए।

प्रश्न.28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए— (200—250 शब्दों में) 7

i)पुस्तकालय का महत्व ii) विज्ञान के चमत्कार iii) दहेज प्रथा एक अभिशाप
iv) जल संरक्षण v) मेरा प्रिय खेल

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए— 3

i)पर्यावरण प्रदूषण ii)राष्ट्रीय पर्व iii)कम्प्यूटर का महत्व iv)बालसभा
v)विद्यार्थी और अनुशासन



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com